डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांकःसी.ओ.ई–597/ CoE-24Vol-III / MBBS Exam-Jan 2022/TSM/DSMNRU/2021–22 दिनांक 24.12.2021

MBBS Examination- January-2022
ऑन–लाइन आवेदन हेतु आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध टी0एस0 मिश्रा मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल, लखनऊ में संचालित MBBS पाठ्यक्रम की माह जनवरी, 2022 में प्रस्तावित परीक्षा [For MBBS-1st Proff.-batch 2020-21 & MBBS-2nd Proff.- batch 2019-20] की प्रक्रियान्तर्गत विश्वविद्यालय स्तर पर ऑन लाइन परीक्षा आवेदन के संबंध में संबंधित कॉलेज/संस्था एवं संबंधित विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यवस्थानुसार समयबद्ध ऑन लाइन परीक्षा आवेदन भरा जाना सुनिश्चित करें:–

1). उपर्युक्तानुसार सम्बन्धित अर्ह/पात्र विद्यार्थियों से अपेक्षित है कि वे **दिनांक 28.12.2021 से दिनांक 06.01.2022** तक अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट **http://dsmru.up.nic.in** पर प्रदर्शित लिंक **https://dsmnruerp.in/mbbs-exam-form-login** से अपने नामांकन संख्या/अनुक्रमांक (EnrollmentNo./RollNo.) के माध्यम से Login करते हुए संबंधित पाठ्यक्रम की परीक्षा हेतु आवेदन प्रपत्र को ऑन–लाइन भरना सुनिश्चित करें।

2). आवेदन करने वाले विद्यार्थी, बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow (Affiliation Account) के नाम से संचालित खाता संख्या 36510100007244 (IFSC-BARB0MOHAAN) में नियमित परीक्षा हेतु निर्धारित परीक्षा शुल्क रू0 14,500/–(रूपये चौदह हजार पॉच सौ रूपये मात्र) की दर से तथा पूरक परीक्षा (यदि लागू हो तो) हेतु निर्धारित परीक्षा शुल्क रू0 3500/–प्रति विषय मात्र सहित शुल्क–धनराशि को RTGS/ NEFT के माध्यम से अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा करेंगे। ऑन लाइन आवेदन एवं निर्धारित व्यवस्थानुसार परीक्षा शुल्क को जमा किये बिना परीक्षा सम्पादित नहीं कराई जायेगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विद्यार्थी/संबंधित संस्थान की होगी। अतः परीक्षार्थियों से अपेक्षित है कि ऑन लाइन आवेदन में समस्त प्रविष्टियॉ सावधानीपूर्वक स्वयं भरें, क्योंकि आवेदन में किसी भी प्रकार के संशोधन/परिमार्जन का अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा और न ही किसी भी दशा में शुल्क वापसी की जायेगी। अपूर्ण आवेदन किसी भी दशा में मान्य नहीं होगा, जिसके लिये आवेदक/संबंधित संस्थान/कॉलेज स्वयं उत्तरदायी होंगे।

3). विद्यार्थी ऑन–लाइन भरे हुए परीक्षा–आवेदन पत्र एवं जमा किये शुल्क की रसीद सहित मूल प्रति समस्त संलग्नकों सहित अपने संबंधित संस्थान में जमा करना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें तथा उसकी छायाप्रति अपने पास अवश्य सुरक्षित रखें।

4). ऑन लाइन सबमिशन की समस्या हेतु **हेल्प लाइन नं0–7651988599** पर सम्पर्क करें,

5). **ऑन लाइन परीक्षा आवेदन–प्रपत्र भरते समय संलग्नक हेतु आवश्यक अभिलेख/निर्देशः–**

1. 30-50KB साइज की स्कैन्ड फोटो, 10-30KB साइज की स्कैन्ड हस्ताक्षर सॉफ्ट कॉपी रखें। **2.** 30-50KB साइज में जमा किये गये परीक्षा शुल्क सम्बंधी अभिलेख की स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी। **3.** फोटाग्राफ, हस्ताक्षर, अन्य अभिलेख किसी एक प्रारूप **.jpeg, .jpg, .png, .tif** में होना चाहिए।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ **एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1 मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. प्राचार्य, टी0एस0 मिश्रा मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल, लखनऊ अपने स्तर से उपरोक्तानुसार विद्यार्थियों को तत्काल सूचित करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही/अनुपालन सुनिश्चित करें तथा ऑनलाइन आवेदन की हार्ड–कॉपी समस्त संलग्नक सहित अनिवार्य रूप से अपने पास सुरक्षित रखें तथा उससे संबंधित सूचीबद्ध सम्पूर्ण विवरण सहित ससमय अनिवार्य रूप से प्रेषित करने का कष्ट करें।
5. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तत्काल अपलोड करने हेतु।
6. परीक्षा विभाग के समस्त प्रकोष्ठ/अनुभाग को अनुपालनार्थ।

24/12/21
(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक